>

Title: Need to introduce Metro Rail Service in Thane Parliamentary Constituency, Maharashtra- Laid

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): मैं जिस ठाणे लोक सभा का प्रतिनिधित्व करता हूँ वह मुम्बई के बगल में बसा एक महानगर है जिसकी आबादी लगभग 25 लाख के ऊपर है । लाखों की संख्या में लोग ठाणे से मुम्बई आना-जाना करते हैं । यदि ठाणे शहर में मैट्रो सेवा की शुरूआत हो जाए तो दोनों शहरों की दूरी और यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा ।

हालांकि केन्द्र सरकार ने इस दिशा में पहल करते हुए घाटकोपर से कासारवडवली (ठाणे) के लिए मैट्रो प्रस्तावित भी की है तथा इसके लिए ठाणे महानगरपालिका ने कारशेड के लिए जगह भी आरक्षित की हुई है । यदि लाइन नं0 9 दहिसर-मीराभायंदर-अंधेरी की मैट्रो (13.5 कि0मी0) को लाइन नं0 10 गायमुख-शिवाजी चौक मैट्रो (11.2कि0मी0) एवं लाइन नं0 4ए कसारवडावली - गायमुख (2.7 कि0मी0) की लाइनों को आपस में जोड़ दिया जाए तो रिंग रोड लाइन का फायदा काफी लोगों को मिलेगा । गायमुखशिवाजी चौक मैट्रो का डी.पी.आर. एम.एम.आर.डी.ए. द्वारा महाराष्ट्र सरकार को भेजा हुआ है लेकिन अभी तक राज्य सरकार द्वारा उस पर निर्णय नहीं लिया गया है जिसकी वजह से उक्त लाइन का काम शुरू नहीं हो पा रहा है ।

मैं माननीय शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि कृपया मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे में बढ़ती जनसंख्या एवं विकास को ध्यान में रखते हुए वहां जल्द से जल्द मैट्रो सेवा शुरू कराने की कृपा करें ।